क्या कुत्ते हमारी भावनाएं ताड़ लेते हैं?

कुत्ते पालने वाले कहते ही हैं कि उनके कुत्ते उनकी भावनाएं जान जाते हैं मगर ताज़ा अनुसंधान से पता चलता है कि कुत्ते हमारी भावनाएं ताड़ने में उसी विधि का सहारा लेते हैं जिसका हम लेते हैं।

आम तौर पर देखा गया है कि जब इन्सान किसी व्यक्ति को देखते हैं, तो बाईं ओर से देखते हैं। यानी हम सामने वाले व्यक्ति के चेहरे के दाएं भाग को ज़्यादा घूरते हैं और संभवतः ज़्यादा समय उसी तरफ लगाते हैं। इसे 'बाईं बाजू झुकाव' कहते हैं। इसका कारण कोई नहीं जानता। वैसे इस संदर्भ में एक परिकल्पना यह है कि इन्सान के चेहरे का दायां भाग उसकी भावनाओं का बेहतर आईना होता है। यह भी देखा गया है कि 'बाईं बाजू झुकाव' उसी समय प्रभावी होता है जब हम इन्सानी चेहरों को देखते हैं, बाकी चीज़ें देखते समय ऐसा कुछ नहीं होता।

हालांकि इन्सानों में 'बाईं बाजू झुकाव' का काफी अध्ययन किया गया है मगर अभी तक जानवरों में इसका प्रमाण नहीं मिला था। अब यू.के. के लिंकन विश्वविद्यालय के कुन गुओ और उनके साथियों ने अपने अध्ययन के आधार पर बताया है कि पालतू कुत्तों में ऐसा झुकाव होता है।

गुओ के दल ने 17 कुत्तों को इन्सानों, कुत्तों और बंदरों की शक्लों की तस्वीरें दिखाईं। इसके अलावा कुछ निर्जीव चीज़ों के चित्र भी दिखाए गए। ऐसा करते हुए उन्होंने कुत्तों की आंखों व सिर की गतियों की फिल्म भी उतार ली। इन फिल्मों से पता चला कि कुत्तों में भी सशक्त 'बाईं बाजू झुकाव' होता है। मगर यह झुकाव तभी देखा गया जब उन्हें मनुष्य के चेहरे दिखाए गए। अन्य कुत्तों की तस्वीरें दिखाने पर ऐसा झुकाव नहीं देखा गया।

गुओ को लगता है कि इन्सानों से हज़ारों पीढ़ियों के जुड़ाव के चलते शायद कुत्तों ने 'बाईं बाजू झुकाव' विकसित कर लिया होगा ताकि इन्सान के भावों को समझ सकें। हाल के कुछ अध्ययनों से पता चला है कि हमारे चेहरे का दायां हिस्सा भावनाओं को ज़्यादा स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त करता है।

इस मामले में इन्सानों और कुत्तों में एक महत्वपूर्ण फर्क भी पता चला है। जब कुत्तों को किसी इन्सान का चेहरा उल्टा (यानी सिर नीचे की ओर) दिखाया गया तब भी वे बाईं ओर से ही देखते रहे। इसके विपरीत, ऐसी परिस्थिति में इन्सानों में यह झुकाव पूरी तरह नदारद हो जाता है।

वैसे अन्य पालतू कुत्ता विशेषज्ञों को लगता है कि यह अध्ययन रोचक ज़रूर है मगर इससे कुछ निष्कर्ष निकालना जल्दबाज़ी होगी। जैसे एक विशेषज्ञ का कहना है कि कुत्ते अपने मालिक का चेहरा ज़रूर पहचानते हैं मगर अभी तक इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि वे चेहरे के भाव भी देखते हैं। बहरहाल, कुत्तों में 'बाईं बाजू झुकाव' तो एक हकीकत है। ***(स्रोत फीचर्स)***